सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-202
22/04/2018

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति धर्मपाल सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 22 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति धर्मपाल सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति धर्मपाल सिन्हा प्रसिद्ध कानूनविद और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। वे पिछले 12 वर्षों से अधिक समय तक बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में आयोग ने पिछड़े वर्गों के कल्याण एवं उनके उत्थान के लिये अनेक अध्ययन कराये एवं महत्वपूर्ण अनुशंसायें कीं। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनसे मेरा व्यक्तिगत लगाव था और उनके प्रति मन में हमेशा आदर का भाव रहा। उनके निधन से विधि एवं न्याय के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****